# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 1018 /अका./ब.वि.वि./2021 जगदलपुर, दिनांक 12/11/2021

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 34वीं बैठक दिनांक 12.11.2021 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। कोविड–19 के नियंत्रण हेतु शासन/प्रशासन द्वारा जारी सभी प्रोटोकाल एवं निर्देशों का पालन करते हुए बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा शेष निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए :–

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर (डॉ.) शैलेन्द्र कुमार सिंह ,<br>कुलपति,<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य,<br>शासकीय नवीन महाविद्यालय, तोकापाल। | प्राचार्य सदस्य |
| 3. | संभागीय संयुक्त संचालक,<br>कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर | वित्त–सदस्य |
| 4. | श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय,<br>प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर बस्तर | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 5. | डॉ. व्ही.के.पाठक,<br>कुलसचिव,<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | सचिव |

**गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 6. | डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य,<br>शासकीय महाविद्यालय, सरोना। | प्राचार्य सदस्य |
| 7. | डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य,<br>शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर। | प्राचार्य सदस्य |
| 8. | श्री हर्षवर्धन अरोरा,<br>द्वारा श्री धरेन्द्र अरोरा, कृष्णा पाटीदार भवन के पीछे,<br>मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.) | सदस्य |
| 9. | डॉ. कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति,<br>भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22,<br>नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल | सदस्य |
| 10. | डॉ. आर.के. हिरकने, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं<br>प्रबंध सूचना प्रौद्योगिकी संकाय, प्राध्यापक (वाणिज्य),<br>शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 11. | डॉ. ए.के.दीक्षित, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं<br>कला संकाय, प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)<br>शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम, बीजापुर | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 12. | डॉ. के. इंदिरा संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं<br>जीव विज्ञान संकाय, प्राध्यापक (रसायन शास्त्र)<br>शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 13. | श्री अनूप रंजन पाण्डेय,<br>एच–15, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) | सदस्य |



12 NOV 2021

विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 33वीं बैठक दिनांक 08.09.2021 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णय :–

सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गई।

विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 33वीं बैठक दिनांक 08.09.2021 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन को कार्यपरिषद के पटल पर रखना।

निर्णय :–

अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)

दिनांक 21.10.2021 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

निर्णय :–

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा जनवरी–जुलाई, 2021 के प्रश्न पत्र गोपनीय सामग्री मुद्रण, प्रिंटिंग, पैकिंग / विजिट / डिलीवरी / गोपनीय एवं सेक्यूरिटी के प्राप्त देयक क्र. GP/10/21-22, दिनांक 08.09.2021 देयक राशि रूपये **11,00,636.25/- IGST @ 12%** रूपये **1,32,076.35 (round off)** कुल देयक राशि **12,32,713.00** के भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)

**शैक्षणिक सत्र 2021–22 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में छात्र / छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन, एस.एम.एस. के संबंध में अनुबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल देयक क्रमांक 389 दिनांक 04.10.2021 के भुगतान के संबंध में।**

शैक्षणिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग अन्तर्गत विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों तथा समस्त स्नातकोत्तर (एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. को छोड़कर), स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम) के प्रथम वर्ष / सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 01.08.2021 से प्रारंभ की गयी है। प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया निविदा उपरांत फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल को विश्वविद्यालय से जारी किये गये कार्यादेश क्रमांक / 8093 / भण्डार / श.म.क.वि.वि. / 2021–22 जगदलपुर, दिनांक 31.07.2021 तथा कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर एवं फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल के मध्य हुये अनुबंध दिनांक 13.08.2021 के अनुसार कार्य गुणवत्ता के साथ सफलतापूर्वक, कुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव (अकादमिक) के निर्देशानुसार सम्पादित किया गया है।



12 NOV 2021

दिनांक 01.08.2021 से 04.10.2021 तक प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में 71,493 छात्र / छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन, ओ.टी.पी. / सूचना संबंधित 1,70,000 एस.एम.एस. के संबंध में संबंधित फर्म द्वारा देयक प्रस्तुत देयक क्रमांक 389 दिनांक 04.10.2021 अनुसार पोर्टल में 71,493 छात्र / छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन हेतु प्रति पंजीयन रूपये **45/-**की दर से राशि रूपये **32,17,185/-** एवं ओ.टी.पी. / सूचना संबंधित 1,70,000 एस.एम.एस. हेतु प्रति एस.एम.एस. रूपये **0.30/-** की दर से राशि रूपये **51,000/-** सहित **ICGST @ 18%** राशि रूपये **5,88,273/-** कुल राशि रूपये **38,56,458/-** (अढ़तीस लाख छप्पन हजार चार सौ अठावन रूपये) भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृतिं प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 6 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय में दिनांक 25.05.2021 को आयोजित झीरम श्रद्धांजलि दिवस कार्यक्रम के देयक भुगतान के संबंध में।

विभागीय टीप –

बस्तर जिला प्रशासन द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में दिनांक 25.05.2021 को झीरम श्रद्धांजलि दिवस का वर्चुअल आयोजन किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का नाम शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर करने की घोषणा की गई एवं शहीद महेन्द्र कर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के पत्र क्र. 294 / ब.वि.वि. / अका. / 2020–21, जगदलपुर दिनांक 24.05.2021 द्वारा कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर को प्रेषित कर कलेक्टर, जिला–बस्तर के निर्देशानुसार कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं कार्य संपादित करने हेतु लेख किया गया था।

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि. / यां.), बस्तर संभाग, जगदलपुर के माध्यम से प्राप्त निम्नलिखित देयकों का भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है –

1. कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि. / यां.), बस्तर संभाग, जगदलपुर के पत्र क्र. 2598 / आडिटर / जगदलपुर, दिनांक 12.06.2021 के माध्यम से दिनांक 25.05.2021 के कार्यक्रम हेतु विडियो कान्फ्रेंसिंग व्यवस्था संबंधी किये गये कार्य के संबंध में प्रस्तुत देयक क्रमांक / GBC/21/69 / दिनांक 27.05.2021 राशि रूपये **1,15,000/-** के भुगतान की स्वीकृति हेतु।

2. कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि. / यां.), बस्तर संभाग, जगदलपुर के पत्र क्र. 3954 / आडिटर / जगदलपुर, दिनांक 24.09.2021 के माध्यम से दिनांक 25.05.2021 के कार्यक्रम हेतु ग्लोसाईन बोर्ड संबंधी किये गये कार्य के संबंध में प्रस्तुत देयक क्रमांक / 07 / दिनांक 04.09.2021 राशि रूपये **3,53,650/- CGST @ 9%** रूपये **31,828.50/- SGST @ 9%** रूपये **31,828.50/-** कुल देयक राशि **4,17,307/-** के भुगतान की स्वीकृति हेतु।

3. कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि. / यां.), बस्तर संभाग, जगदलपुर के पत्र क्र. 4099 / शि.ख. जगदलपुर, दिनांक 07.10.2021 के माध्यम से दिनांक 25.05.2021 के कार्यक्रम हेतु एल.ई.डी. प्रकाश व्यवस्था, ए.सी. मरम्मत एवं सुचारू विद्युत व्यवस्था के लिए आवश्यक मरम्मत आदि कार्य के संबंध में प्रस्तुत देयक क्रमांक / 2858 जगदलपुर दिनांक 27.05.2021 राशि रूपये **1,05,292/-** के भुगतान की स्वीकृति हेतु।



1 2 NOV 2021

उपरोक्तानुसार कुल राशि रू. **6,37,599/-** (छः लाख सैतीस हजार पॉच सौ निन्यान्बे रूपये) का कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.), बस्तर संभाग, जगदलपुर को भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 7 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

वर्ष 2022 में विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को नवीनीकरण तथा नये पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को विभिन्न प्रकाशकों से मंगाये जाने हेतु राशि रूपये 5.00 लाख की स्वीकृति के संबंध में।

विभागीय टीप :–

वर्ष 2022 में विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को नवीनीकरण करवाया जाना तथा नये पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को विभिन्न प्रकाशकों से मंगाया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 2021 में पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं हेतु राशि रू. 3,90,225/– का व्यय हुआ था। सूची माननीय कार्यपरिषद के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत है। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं तथा –पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को मंगाया जाना है, जो कि विश्वविद्यालय के नैक प्रत्यायन एवं शोध की दृष्टि से यह अतिआवश्यक है। जिसमें अनुमानित लागत राशि रूपये 5.00 लाख व्यय होना संभावित है। उक्त अनुसार राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है

निर्णय :–

सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 8 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय समिति में कार्यपरिषद सदस्यों के मनोनयन के संबंध में।

विभागीय टीप :–

ग्रंथालय समिति का गठन विश्वविद्यालय विनियम क्रमांक–21 के पृष्ठ क्रमांक 18 एवं 19 में अनुसार किया जाना है वर्तमान में ग्रंथालय समिति का कार्यकाल पूरा हो चुका है जो कि 3 वर्षों का होता है, विनियम क्रमांक 21 के पृष्ठ क्रमांक 18 एवं 19 में सरल क्रमांक 3 के अनुसार (Two members to be appointed by the Executive Council from amongst its own members who are not covered under (i) and (ii) above) सदस्यों का मनोनयन कार्यपरिषद में सदस्यों में किया जाना है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय :–

सर्वसम्मति से डॉ. कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22, नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल को विश्वविद्यालय ग्रंथालय समिति के सदस्य नामित किया गया तथा शेष सदस्य के मनोनयन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।



1 2 NOV 2021

विषय क्रमांक – 9

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)

विश्वविद्यालय हेतु 50 नग UPS क्रय करने के संबंध में।

विभागीय टीप :–

विश्वविद्यालय में कार्यालयीन एवं शैक्षणिक उपयोग हेतु कम्प्यूटरों के लिए 97 नग UPS की मांग है। वर्तमान में 50 नग UPS,- CSIDC/ E- Manak से क्रय किया जा सकता है। जिसकी अधिकतम लागत रू. 1.50 लाख एक लाख, पचास हजार तक होने का अनुमान है। इस हेतु बजट में राशि प्रावधानित है। अतः 50 नग UPS (20 to 30 Minuts Battery Backup, 600 VA = 0.5 KV) क्रय करने की स्वीकृति माननीय कार्यपरिषद से अपेक्षित है।

निर्णय :–

यथा प्रस्तावित स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)

विश्वविद्यालय में बॉस्केटबॉल पोल एवं ओपन जिम से संबंधित सामग्रियों को क्रय करने के लिए CSIDC / निविदा से प्रक्रिया करने की अनुमति बाबत्।

विभागीय टीप :–

विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रस्तावित विवरण के द्वारा परिसर में विद्यार्थियों, रहवासियों एवं आगंतुकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से खेल गतिविधि एवं व्यायाम हेतु बॉस्केटबॉल पोल एवं ओपन जिम से संबंधित सामग्रियों को क्रय कर स्थापित किया जा सकता है। इस हेतु अनुमानित लागत रू. 10 .00 (दस लाख) तक हो सकती है। जिसे विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत प्रथमतः उपलब्धता के आधार पर CSIDC/ E- Manak से अथवा निविदा द्वारा क्रय किया जा सकता है। अनुमति हेतु विषय प्रस्तुत है।

निर्णय :–

यथा प्रस्तावित स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)

विश्वविद्यालय के नवनिर्मित अध्ययनशाला भवनों, छात्रावासों के लिए आवश्यक फर्नीचर क्रय करने की अनुमति बाबत्।

विभागीय टीप :–

विश्वविद्यालय में नवनिर्मित अध्ययनशाला तथा छात्रावासों में टेबल, कुर्सी, पलंग, तखत इत्यादि फर्नीचर्स की आवश्यकता है। इस हेतु अनुमानित क्रय लागत रू. 50 . 00 (पचास लाख) तक हो सकती है। जिसे विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत उपलब्धता के आधार पर प्रथमतः CSIDC/ E- Manak से अथवा निविदा द्वारा क्रय किया जा सकता है। इसकी अनुमति कार्यपरिषद से अपेक्षित है।

निर्णय :–

यथा प्रस्तावित स्वीकृति प्रदान की गई।



12 NOV 2021

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय हेतु 07 नग Photocopier Machine क्रय करने के संबंध में।

विभागीय टीप :–

विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग, अकादमिक शाखा, वित्त शाखा, अकादमिक भवन के अध्ययनशालाओं एवं अन्य विभाग के कार्यालयीन उपयोग हेतु फोटोकॉपीयर मशीन की आवश्यकता है। जिसकी क्रय लागत रू.10.00 लाख (दस लाख) तक होने का अनुमान है। विश्वविद्यालय द्वारा चयनित Konica Minolta Photocopier Machine (Duplex/ Simplex) फोटोकॉपीयर मशीन को विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत CSIDC/ E- Manak से क्रय किया जा सकता है। अतः माननीय कार्यपरिषद से उपरोक्तानुसार क्रय की अनुमति की आवश्यकता है।

निर्णय :–

यथा प्रस्तावित स्वीकृति प्रदान की गई।

12/11/2021.

कुलपति
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)



12 NOV 2021